राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

सितंबर, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी (प्रत्येक माह)
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी सितंबर, 2026 (Current News from Daily Newspapers)

Newspaper of 1 September, 2026

■ **'आइएनएस निपुण' नौसेना में शामिल हुआ–**

31 अगस्त, 2026 को समुद्र में गहराई तक मदद पहुँचाने में सक्षम स्वदेशी पोत 'आइएनएस निपुण' को नौसेना में शामिल किया गया है। इसे हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है। यह पोत 119.4 मीटर लंबा है, और इसकी विस्थापन क्षमता लगभग 10,500 टन है। यह समुद्र में 300 मीटर तक की गहराई पर गोताखोरी अभियानों को सहायता देने में सक्षम है।

■ **हॉकी विश्वकप समापन के बाद भारतीय महिला टीम पाँच दशकों में अपने 5वें स्थान के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत 2938 अंकों के साथ एक स्थान उठकर 8वें स्थान पर पहुँच गई, जबकि पुरुष हॉकी टीम 3072 अंकों के साथ अपने आठवें स्थान पर बरकरार है।**

■ **केन्द्र सरकार का (अप्रैल-जुलाई, 2026 तक) राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य का 26.8%, ₹4.55 लाख करोड़ रहा–**

केन्द्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले चार महिनों यानी अप्रैल-जुलाई तक ₹4.55 लाख करोड़ रहा है। यह पूरे वित्त वर्ष 2026-27 के लिए तय लक्ष्य का 26.8% है। पिछले वर्ष की समान अवधि में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 29.9% था। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3% यानी 16.96 लाख करोड़ तय किया है। अप्रैल-जुलाई के दौरान घाटा पिछले साल की समान अवधि के 4.70 लाख करोड़ के मुकाबले थोड़ा कम रहा है।

■ **केन्द्र सरकार ने सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी; 85000 इंजीनियर तैयार, 100000 और सेमीकंडक्टर इंजीनियर तैयार करने का लक्ष्य–**

केन्द्र सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर चिप के उत्पादन और डिजाइन के साथ टेस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए के सेमीकॉन 2.0 प्रोग्राम को नोटिफाई कर दिया है। टियर-2 और टियर-3 शहरों के छात्रों ने 250 से ज्यादा सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन की है। वहीं भारत ने 10 साल में 85000 सेमीकंडक्टर इंजीनियर तैयार करने का लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही आने वाले वर्षों में वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग के बाजार में भारत की हिस्सेदारी करीब 10% तक पहुँचने की उम्मीद जताई गई है।

31 अगस्त, 2026 को सेमीकॉन 2.0 के सभी छह स्तंभों के लिए अधिसूचनाएँ जारी करते हुए वैष्णव ने बताया कि सेमीकंडक्टर उद्योग के विस्तार के साथ रोजगार की संभावनाएँ बढ़ने की उम्मीद है। भारत में विकसित हो रहा सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम 50 से 60 हजार प्रत्यक्ष रोजगार पैदा कर सकता है। सेमीकॉन 2.0 को पहले से चल रहे सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के अगले चरण के तौर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

सेमीकॉन 2.0 के स्तंभ–

- **डिजाइन**–राष्ट्रीय महत्व और रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए सेमीकंडक्टर आइपी, चिप, सिस्टम-ऑन-चिप और मॉड्यूल का डिजाइन शामिल है।
- **मशीन और सामग्री**–सेमीकंडक्टर निर्माण इकोसिस्टम को विकसित किया जाएगा।
- **नए फैब की स्थापना**–सिलिकॉन सेमीकंडक्टर वेफर फैब, कंपाउंड सेमीकंडक्टर, फोटोनिक्स, सेंसर, डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब और डिस्प्ले फैब स्थापित करने की श्रेणियाँ शामिल।
- **उद्योग को मजबूत करना**–सेमीकंडक्टर असेबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) तथा आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसटी) सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।
- **अनुसंधान एवं विकास**–उन्नत सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी से जुड़े अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।
- **प्रतिभा विकास**–सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने पर जोर दिया जाएगा।

■ **वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की जीडीपी ग्रोथ दर 7.8% रही–**

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की जीडीपी ग्रोथ दर 7.8 प्रतिशत रही। RBI ने 7% का अनुमान लगाया था। वर्ष 2025-26 में इसी दौरान ग्रोथ 6.9% रही थी। सर्विस सेक्टर में सर्वाधिक ओवरआल 10% की ग्रोथ दर्ज की गई है।

सेक्टर वाइज ग्रोथ प्रदर्शन एक नजर में (2023-24 से 2026-27 तक)—

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

सेक्टर	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27*
कृषि	2.6%	4.2%	3.0%	3.6%
माइनिंग	2.4%	11.7%	5.2%	–2.4%
मैन्यूफैक्चरिंग	12.7%	9.3%	7.7%	10.7%
कंस्ट्रक्शन	9.9%	7.3%	7.4%	7.7%
व्यापार, होटल	10.1%	6.6%	11.0%	8.5%
वित्तीय, रियल स्टेट	5.5%	10.0%	10.4%	12.1%
सर्विस सेक्टर (कुल)	7.0%	7.9%	9.3%	10%
लोक प्रशासन, डिफेंस	8.8%	5.0%	5.0%	7.5%

नोट–वित्त वर्ष 2026-27 के आंकड़े पहली तिमाही के हैं। बाकी पूरे वित्त वर्षों के हैं।

■ **अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने अन्तरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया–**

31 अगस्त, 2026 को ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम (GOAT) फुटबॉलर अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया। उन्होंने संन्यास की चिट्ठी फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल के दो दिन बाद 21 जुलाई को ही लिख ली थी, लेकिन इसे अब सार्वजनिक किया। मेसी फुटबॉल इतिहास के सबसे 'डेकोरेटेड' खिलाड़ी हैं, यानी उनसे अधिक ट्रॉफियाँ किसी और ने नहीं जीतीं। 900 से अधिक गोल और 400 से अधिक असिस्ट्स के साथ वे इतिहास के सर्वाधिक प्रोडक्टिव अटैकिंग फुटबॉलर हैं। एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति-दोनों ही रूप में वे अपनी टीमों और अपने परिवार के प्रति वफादर रहे हैं। उनके पास सितार-वादन के स्वराघात सरीखा नफीस फर्स्ट-टच है और ड्रिबलिंग में जब अन्य खिलाड़ियों को अपने सामने एक अभेद्य व्यूह नजर आता है।

लियोनेल मेसी ने 2016 में भी संन्यास लिया था, लेकिन 46 दिन में फैसला वापस ले लिया था।

सर्वाधिक वर्ल्ड कप मैच–विश्व कप में 34 मैच खेले।
सर्वाधिक असिस्ट गोल–इनकी मदद से 65 गोल हुए।
मैदान पर सबसे ज्यादा–विश्व कप में 2314 मिनट मैदान पर।
रिकॉर्ड प्लेयर मैच–विश्व कप में 11 बार प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले अकेले।
अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक–अर्जेंटीना की ओर से सबसे ज्यादा 11 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक।

Newspaper of 3 September, 2026

■ **10 साल में देश में 100 नए एयरपोर्ट बनेंगे–**

हाल ही में नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि उड़ान योजना के तहत अगले 10 साल में 30 हजार करोड़ रुपए की लागत से 100 नए हवाई अड्डे बनाए जाएंगे उन्होंने 'हब एंड स्पोक' सेवा का उद्घाटन करते हुए बताया कि देश में अब 166 हवाई अड्डे हैं।

■ **देश में 16 लाख करोड़ रुपए के निवेश से सात (7) नए हाइस्पीड कॉरिडोर बनाए जाऐंगे–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने सात नए हाई स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने की योजना बनाई है, जिन पर करीब 16 लाख करोड़ रुपए के निवेश का अनुमान है। वहीं देश की पहली हाई स्पीड रेल परियोजना मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर को 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

7 नए कॉरिडोर निम्न होंगे–मुम्बई-पुणे, हैदराबाद-चैन्नई, वाराणसी-सिलीगुड़ी, पुणे-हैदराबाद, चैन्नई-बेंगलुरु, हैदराबाद-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी।

■ **2 सितंबर, 2026 से अमेरिका के 250वें स्थापना दिवस के मौके पर 1 डॉलर का सिक्का जारी किया गया। इस सिक्के के एक तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर और दूसरी तरफ अमेरिका की ग्रेट सील (राष्ट्रीय मुहर) है। इस डिजाइन को वर्ष 2026 में अमेरिकी कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स ने मंजूरी दी थी।**

■ **रिटायर्ड एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट का पहला सीईओ नियुक्त किया गया–**

सितंबर 2026 में रिटायर्ड एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पहला सीईओ नियुक्त किया गया है। एयर मार्शल मिश्रा पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर में वेस्टर्न एयर कमांड की कमाल संभाल चुके हैं। इसके अलावा ट्रस्ट में तीन नए ट्रस्टी भी बनाए गए हैं। इनमें दिल्ली के महेश भागचंदका, अयोध्या के मदन मोहन पांडेय और शिकोहाबाद की डॉ. निर्मला यादव हैं। निर्मला ट्रस्ट की पहली महिला ट्रस्टी हैं।

कौन हैं एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा–यूपी में देवरिया में भोपतपुरा गांव के रहने वाले जीतेंद्र 1986 में वायुसेना में फाइटर पायलट के तौर पर कमीशन हुए। एनडीए पुणे, अमेरिका के एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में पढ़ाई की। तीन हजार से ज्यादा घंटे की उड़ान का अनुभव। मिश्रा 39 साल की सर्विस के बाद इसी साल 30 अप्रैल को रिटायर हुए। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के लिए सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल मिल चुका है।

3 नए ट्रस्टी निम्न हैं–

- **महेश भागचंदका**–विहिप के संरक्षक रहे अशोक सिंघल के रिश्तेदार। राम मंदिर भूमि पूजन में मुख्य यजमान।
- **मदन मोहन पांडेय**–अयोध्या में वरिष्ठ अधिवक्ता। जन्मभूमि केस में रामलला के वकील के तौर पर दर्ज।
- **डॉ. निर्मला यादव**–प्रिंसिपल रहीं निर्मला 1974 से संघ में हैं। राम मंदिर समर्पण अभियान में सक्रिय रहीं।

■ **देश का पहला ई-ट्रक कॉरिडोर केरलम में बनेगा–**

केरलम में देश का पहला ई-ट्रक कॉरिडोर बनाया जाएगा। केरलम राज्य में कासरगोड से तिरुवनंतपुरम तक 622 किमी.

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लंबे नेशनल हाइवे-66 को देश का पहला इलेक्ट्रिक ट्रक कॉरिडोर बनाने की योजना है। इलेक्ट्रिक ट्रक कॉरिडोर का उद्देश्य माल ढुलाई में जीवाश्म जैव ईंधन पर निर्भरता कम करना और परिवहन क्षेत्र में होने वाले कार्बन उत्सर्जन और वायु प्रदूषण को घटाना है।

Newspaper of 4 September, 2026

■ **भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने नये रिकॉर्ड्स बनाए; सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी बनाया–**

3 सितंबर, 2026 को भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना (30) ने कई नए रिकॉर्ड्स बनाए। उन्होंने दुबई में चल रहे महिला एशिया कप टी20 में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 64 गेंदों में शानदार 124 रन बनाए। यह महिला एशिया कप में किसी बैटर का सर्वोच्च स्कोर है।

- ♦ उनका 124 रन का स्कोर अन्तरराष्ट्रीय टी-20 में किसी भी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है।
- ♦ महिला क्रिकेट में स्मृति मंधाना ने कुल 10880 रन (तीनों फॉर्मेट में) बनाए हैं। पूर्व कप्तान मिताली राज (10868 रन) का ऑलटाइम रिकॉर्ड तोड़ा।
- ♦ 18वाँ शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया की मैग लैनिंग (17 शतक) को पीछे छोड़ा।
- ♦ महिला टी-20 में 95 छक्के लगाए किसी भारतीय के सर्वाधिक छक्के का रिकॉर्ड।
- ♦ 93वें 50+ के साथ मिताली राज के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की।

■ **एयर वाइस मार्शल वायुसेना में शिक्षा-प्रशिक्षण की कमान संभालेंगी–**

भारतीय वायुसेना में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बीच एयर वाइस मार्शल शक्ति शर्मा ने इतिहास रच दिया है। गैर-चिकित्सा शाखा से इस पद तक पहुँचने वाली वह पहली महिला अधिकारी बनी हैं। उन्होंने वायुसेना मुख्यालय में असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (एजुकेशन) का पदभार संभाला है और अब शिक्षा-प्रशिक्षण गतिविधियों का मार्गदर्शन करेंगी। शक्ति शर्मा तीन दशक से अधिक समय से वायुसेना की सेवा में हैं।

- ♦ 18 जून, 1994 को वायुसेना की शिक्षा शाखा में कमीशन पाने के बाद उन्होंने प्रशिक्षण संस्थानों, एयर स्टेशनों, कमांड मुख्यालयों और वायुसेना मुख्यालय में सेवाएँ दीं। आइआइटी कानपुर और पुणे विश्वविद्यालय में 'आइएएफ चेयर्स ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित कर उन्होंने शिक्षा व रणनीतिक रक्षा सहयोग मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।
- ♦ एयर वाइस मार्शल बनने से पहले वे तीनों सेनाओं के सैनिक स्कूल की कमान संभालने वाली पहली महिला प्रिंसिपल बनी थीं, जब उन्होंने सैनिक स्कूल कपूरथला का नेतृत्व किया।

उल्लेखनीय है कि एयर वाइस मार्शल वायुसेना की दो-सितारा रैंक है, जो सेना में मेजर जनरल और नौसेना में रियर एडमिरल के समकक्ष है। शिक्षा, प्रशिक्षण और शैक्षणिक साझेदारियों में शक्ति शर्मा का लंबा अनुभव अब वायुसेना की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देगा।

Newspaper of 5 September, 2026

■ **इसरो ने पहले इमेजिंग सैटेलाइट ईओएस-05 (जीआइसैट-1ए) को 36000 किमी ऊपर पृथ्वी की भू-स्थिर कक्षा में स्थापित किया–**

4 सितंबर, 2026 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जीएसएलवी मार्क-2 (एफ-17) के जरिए पहले इमेजिंग सैटेलाइट ईओएस-05 (जीआइसैट-1ए) को 36000 किमी ऊपर पृथ्वी की भू-स्थिर कक्षा में स्थापित कर दिया।

आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से जीएसएलवी एफ-17 रॉकेट ने तड़के 2.55 बजे उड़ान भरी और 19 मिनट बाद 2367 किलोग्राम वजनी ईओएस-05 को तय कक्षा में पहुँचा दिया। अगले कुछ दिनों में इसे ऑपरेशनल कक्षा में पहुँचाया जाएगा, जिसके बाद अंतरिक्ष से भारत को देखने का नजरिया बिल्कुल बदल जाएगा। अब किसी खास जगह की टोह लेने के लिए किसी उपग्रह के गुजरने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि 36 हजार की ऊंचाई पर दुश्मन के मंसूबों से लेकर आपदा की आहट तक पर चौकस नजर रखेगी।

इस मिशन से लाभ–भारत को सीमाई निगरानी, चक्रवात, बाढ़, जंगलों की आग और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की रियल टाइम निगरानी में बड़ी मदद मिलेगी।

क्यों खास है ईओएस-05–आमतौर पर भू-अवलोकन उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजे जाते हैं। पृथ्वी और उपग्रह दोनों की गति के कारण वे किसी जगह से गुजरने के बाद वहाँ दोबारा कुछ दिन या सप्ताह बाद पहुँचते हैं। ईओएस-05 को भू-स्थिर कक्षा में भेजा गया है, जहाँ उपग्रह की गति पृथ्वी की गति के समान होती है। इसलिए सैटेलाइट एक ही जगह पर रहकर नजर रख सकता है।

हर 10 मिनट की तस्वीर–ईओएस-05 हर 10 मिनट में पूरे भारतीय भू-भाग की तस्वीर देगा, इससे किसी इलाके में होने वाले बदलाव को लगभग रियल टाइम में समझना संभव होगा। 36 हजार किमी की ऊँचाई से यह दक्षिण एशिया के बड़े हिस्से पर भी नजर रख सकेगा। मौसम की भविष्यवाणी और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में भी इससे मदद मिलेगी।

■ **फीफा विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के दो महिने बाद स्पेनिश टीम के खिलाड़ी मार्कोस लोरेंटे ने अन्तरराष्ट्रीय**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। 31 वर्षीय मार्कोस लोरेंटे ने स्पेन के लिए कुल 27 मैच खेले है। वे एटलेटिको मैड्रिड के लिए खेलना जारी रखेंगे।

- **ओडिशा की 4 साल की एलिना मिश्रा ने शतरंज में इतिहास रच दिया है। वह इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (एफआईडीई) की ऑफिशियल रेटिंग लिस्ट में जगह बनाने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई है। एलेना ने यह उपलब्धि 4 साल, 6 महिने और 16 दिन की उम्र में हासिल की। उल्लेखनीय है कि 2022 या उसके बाद जन्मीं महिला खिलाड़ियों में एलेना फिलहाल इकलौती खिलाड़ी हैं, जिनके पास किसी भी फॉर्मेट (टाइम कंट्रोल) में ऑफिशियल एफआईडीई रेटिंग है।**

Newspaper of 6 September, 2026

- **सितंबर, 2026 में उत्तर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का उपराज्यपाल (एलजी) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की गई है।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी ने शिक्षकों को सम्मानित किया–**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री आवास पर शिक्षकों से वार्ता करते हुए मोदी ने उन नए तरीकों पर भी चर्चा की, जिनका इस्तेमाल पाठ को समझने में आसान बनाने और छात्रों की ज्यादा भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए किया था। मोदी ने कहा कि स्क्रीन टाइम अब एक तरह की लत बन गया है। ऐसे में हमें बच्चों को रचनात्मक काम में लगाना चाहिए। इससे हम बच्चों को लत से बाहर निकाल सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें बचपन को खत्म नहीं होने दना चाहिए। इस दौरान मोदी ने शिक्षकों से अपील की कि वे छात्रों को नशे के खतरे और उसके बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक करें।

5 सितंबर, 2026 को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थी ही शिक्षक का पढ़ाया हुआ कोर्स भले ही भूल जाए, लेकिन उनका व्यवहार याद रखते है। कई कमजोर परिवारों के बच्चे होते हैं, उन्हें संकोच रहता है। उनमें आत्मविश्वास जगाना और बढ़ाना शिक्षकों का दायित्व है। इस साल कुल 82 शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े लोगों को पुरस्कृत किया गया। इनमें 48 स्कूल शिक्षक, 21 उच्च शिक्षा संस्थान और पॉलिटेक्निक के शिक्षक तथा 13 कौशल प्रशिक्षण देने वाले लोग शामिल है।

झालावाड़ के स्कूल का जिक्र–राष्ट्रपति ने राजस्थान के झालावाड़ स्थित महात्मा गांधी सरकारी के स्कूल के शिक्षक दिव्येंदु सेन का जिक्र करते हुए तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्कूल में विद्यार्थी अपने शिक्षक के साथ अत्याधुनिक संसाधनों से जीव विज्ञान का अध्ययन करते हैं। इससे यह साबित होता है कि बड़ी सोच से छोटे स्थान से भी बड़ा उदाहरण पेश किया जा सकता है। सेन की 'ट्री टॉक' के लिए सम्मान मिला। सेन पेड़ों के बारे में जानकारी देने के लिए क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने वर्चुटल बायोलॉजी लैब और एआइ की मदद से पढ़ाई जैसे प्रयोग भी किए।

- **जनगणना 2027 के तहत यूपी, पंजाब, गोवा और उत्तराखंड के गैर-बर्फीले इलाकों में जनगणना 2027 सबसे पहले 1 दिसंबर, 2026 से शुरू होकर 4 जनवरी, 2027 तक चलेगी। सभी लोग 16 से 30 नवंबर तक ऑनलाइन स्व-गणना कर सकेंगे। इसके बाद घर-घर प्रगणक जनगणना कार्य करेंगे। इन चारों राज्यों के लिए संदर्भ तिथि 5 जनवरी, 2027 तय की गई है। लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में यह 1 अक्टूबर, 2026 होगी। बाकी देश में संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 रहेगी।**
- **8 हाईकोर्ट को मिले नए सीजे जस्टिस संजय अग्रवाल राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त–**

5 सितंबर, 2026 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद 8 हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस वल्लूरी कामेश्वर राव को पटना हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस रवींद्र वी. घुगे कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश होंगे। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार अग्रवाल को राजस्थान हाई कोर्ट और इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी की बॉम्बे हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा को इसी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। उड़ीसा हाईकोर्ट के जस्टिस कृष्ण राम महापात्र छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश होंगे। गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस पुष्पेन्द्र सिंह भाटी को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

- **डेमिनिकन रिपब्लिक की जोहेरी मोल डोमिंगेज ने 73वां मिस वर्ल्ड 2026 का खिताब जीता–**

सितंबर, 2026 में डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहरी मोल डोमिंगेज ने 73वीं मिस वर्ल्ड 2026 का खिताब जीत लिया। वियतनाम के न्हा ट्रांग में हुए फिनाले में स्पेन की एलिजाबेथ रेनेस दूसरे और मलेशिया की तानूसिया चेट्टी तीसरे स्थान पर रही। भारत की निकिता पोरवाल टॉप 20 में जगह नहीं बना सकीं। स्पर्धा में 110 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया। निकिता ने 2024 में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का खिताब जीता था।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **डॉ. दिनेश शर्मा अंडमान-निकोबार के उपराज्यपाल बने–**

यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान-निकोबार का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। 5 सितंबर, 2026 को राष्ट्रपति भवन ने इसकी घोषणा की। उनकी नियुक्ति पदभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगी। 62 वर्षीय दिनेश शर्मा 2017 से 2022 तक यूपी के डिप्टी सीएम रहे। वे सितंबर 2023 में राज्यसभा पहुँचे थे।

■ **अदाणी डिफेंस 'एके-203' के लिए गोला-बारूद देगा–**

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस एके-203 असॉल्ट राइफलों के लिए 5 साल तक गोला-बारूद सप्लाई करेगा। कंपनी ने यह समझौता इंडो-रशियन राइफल्स प्रा. लि. (आईआरआरपीएल) से किया। इसके तहत आईआरआरपीएल को भारत ने निर्मित 7.62×39 मिमी गोला-बारूद मिलेगा। एके-203 राइफल अमेठी के कोरवा प्लांट में बनती है। सरकार ने 2021 में यहां 601427 राइफलों का कॉन्ट्रैक्ट दिया था।

■ **सैटेलाइट जीआइसैट 1ए का पहला कक्षा परिवर्तन सफल रहा; सेमीक्रायोजेनिक इंजन का भी सफल परीक्षण हुआ–**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सैटेलाइट जीआइसैट-1 ए (ईओएस-05) के सफल प्रक्षेपण के बाद उसका पहला कक्षा परिवर्तन सफलतापूर्वक पूरा किया। जीएसएलवी एफ-17 ने प्रक्षेपण के बाद उपग्रह को 171 गुणा 31 हजार किमी वाली कक्षा में स्थापित किया था। पहले परिवर्तन से यान की पेरिगी यानी धरती से निकटतम दूरी 171 किमी से बढ़ाकर 20 हजार किमी की गई है, और अब यह 20 हजार गुना 31 हजार किमी. वाली कक्षा में चक्कर लगा रहा है। इसरो ने महेन्द्रगिरी स्थित आइपीआरसी में सेमीक्रायोजेनिक इंजन का पहली बार 200 टन यानी 100 फीसदी थ्रस्ट स्तर पर सफल हॉट टेस्ट किया।

■ **संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1569 में बने मर्केटर प्रोजेक्शन की जगह 2018 के 'इक्वल अर्थ' प्रोजेक्शन को बढ़ावा देने वाले प्रस्ताव को भारत सहित 164 देशों के समर्थन से मंजूरी दी; 457 साल बाद दुनिया का नक्शा बदलेगा–**

4 सितंबर, 2026 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने 1569 में बने मर्केटर प्रोजेक्शन की जगह 2018 के 'इक्वल अर्थ' प्रोजेक्शन को बढ़ावा देने वाले प्रस्ताव को भारत सहित 164 देशों के समर्थन से मंजूरी दे दी है।

अमरीका अकेला देश रहा, जिसने विरोध में मतदान किया। जबकि छह देश सर्बिया, एस्तोनिया, जॉर्जिया, लिथुआनिया, मोल्दोवा और यूक्रेन मतदान से दूर रहे। फ्रांस ने समर्थन के साथ यह भी कहा कि नक्शा बदलने से दुनिया नहीं बदलेगी। इस प्रस्ताव की पहल अफ्रीकी देश टोगो ने की है। चूंकि प्रस्ताव बाध्यकारी नहीं है, इसलिए संयुक्त राष्ट्र ने पुराने नक्शे के इस्तेमाल पर किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया। नक्शा बदला तो स्कूलों, सरकारी संस्थानों उपग्रह प्रणालियों और डिजिटल एटलस में एक नया और आनुपातिक रूप से सटीक नक्शा लागू किया जा सकता है।

मर्केटर में क्या गलत दिखता है?

ग्रीनलैंड बनाम अफ्रीका–दोनों लगभग बराबर दिखते हैं, जबकि अफ्रीका वास्तविकता में ग्रीनलैंड से करीब 14 गुना बड़ा है।

अफ्रीका बनाम यूरोप–यूरोप भी अफ्रीका के मुकाबले कहीं ज्यादा बड़ा नजर आता है, जबकि क्षेत्रफल में अफ्रीका लगभग तीन गुना बड़ा है।

कनाड़ा और रूस–ध्रुव के करीब होने के कारण दोनों का वास्तविक क्षेत्रफल आकार से काफी बड़ा दिखता है।

दक्षिण अमरीका–भूमध्य रेखा के आसपास होने के बावजूद मर्केटर में इसका आकार वास्तविक अनुपात से छोटा महसूस होता है।

भारत की सीमाएँ या क्षेत्रफल बिल्कुल नहीं बदलेंगे। बदलाव केवल उसकी दृश्य स्थिति और आकार के अनुपात में होगा। भारत जैसे मध्य अक्षांश वाले देश पर ध्रुवीय क्षेत्रों की तुलना में विकृति कम है, इसलिए बदलाव अफ्रीका, ग्रीनलैंड, कनाडा और रूस जितना नाटकीय नहीं होगा। भारत ने भी संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन किया है।

दुनिया का नक्शा बदला तो होंगे बदलाव?

- दुनिया भर के स्कूलों, कॉलेजों और टेक्स्टबुक्स में नया 'इक्वल अर्थ' नक्शा ही छापा जाएगा।
- गूगल मैप्स, एपल मैप्स और अन्य वैश्विक एटलस संस्थाएँ अपने प्रदर्शन मानचित्रों में बदलाव करेंगी।
- संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की बैठकों में विकासशील देशों की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का सही प्रतिनिधित्व होगा।

■ **27 नवंबर होगा बाल विवाह उन्मूलन दिवस; 2030 तक देश में खत्म होगी बाल विवाह प्रथा–**

भारत ने देश में बाल विवाह की प्रथा को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए साल 2030 तक का लक्ष्य रखा है। साल 2024 में केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। अब इस सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 2030 को प्राप्त करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र में विवाह और जबरन विवाह उन्मूलन दिवस घोषित किया है। यूएन में पश्चिमी अफ्रीकी देश सिएरा लियोन की ओर से यह प्रस्ताव लाया गया था, जिसका भारत ने समर्थन किया है। बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन रिभु ने प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा में आए इस प्रस्ताव

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

का भारत समेत 50 देशों ने समर्थन किया। इसके बाद शुक्रवार को यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया।

Newspaper of 7 September, 2026

■ **भारत ने चाइना मास्टर्स में पहली बैडमिंटन ट्रॉफी जीती–**
भारत के सात्विक साईराज रेंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी ने चाइना मास्टर्स सुपर 750 का खिताब जीतकर इतिहास रचाा है। यह भारत का 2005 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पहला खिताब है।
इस भारतीय जोड़ी ने फाइनल में चीन के जीटिंग और रेन जियांग यू को 11-21, 21-13, 21-17 से मात दी। 2023 और 2025 के चाइना मास्टर्स में यह जोड़ी उपविजेता रही थी।

■ **डायमंड लीग फाइनल 2026; जैवलिन में श्रीलंका के धरंगा ने 89 मीटर के थ्रो से इतिहास रचा–**
हाल ही में डायमंड लीग फाइनल-2026 में श्रीलंका के 23 वर्षीय जैवलिन थ्रोअर रुमेश थरंगा ने इतिहास रचा है। 89.04 मीटर के शानदार थ्रो के साथ वे यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाले पहले श्रीलंकाई एथलीट बन गए हैं। इस प्रतियोगिता में पोलैंड के डेविड वेगनर (87.47 मीटर) दूसरे और त्रिनिदाद एंड टोबैको के केशोर्न वालकॉट (83.99 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे।
गौरतलब है कि रूमेश थरंगा ने इससे पहले रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर के थ्रो के साथ नेशनल रिकॉर्ड भी बनाया था।

■ **भारत की शीतल देवी व राकेश कुमार की जोड़ी ने गुजरात के अहमदाबाद में खेले जा रहे वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में इतिहास रचा है। इस जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम क्वालिफिकेशन राउंड में 1400 अंकों के संयुक्त स्कोर के साथ विश्व रेकॉर्ड बनाया। राकेश ने पैरा कंपाउंड क्वालिफिकेशन में 702 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, शीतल ने पैरा कंपाउंड महिला क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया।**

Newspaper of 8 September, 2026

■ **रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने तीनों सेनाओं के लिए ₹1.10 लाख करोड़ के रक्षा उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी–**
7 सितंबर, 2026 को रक्षामंत्री की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद् (डीएसी) ने तीनों सेनाओं के लिए ₹1.10 लाख करोड़ के रक्षा उपकरणो की खरीद व आवश्यकता को मंजूरी दी, जिसमें टोही विमान व जैमर शामिल है। मंजूर प्रस्तावों में से 98% खरीद भारतीय कंपनियों से की जाएगी। तीनों सेनाओं के लिए निम्न प्रस्ताव मंजूर किए गए–

- थल सेना के लिए सीबीआरएन टोही विमान, कठिन इलाकों के लिए हाईस्पीड वाहन, सुरंग बिछाने वाली मशीनें, उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर के साथ ट्रॉल टैंक और सर्वत्र पुल प्रणाली मिलेगी।
- नौसेना के लिए अरुध्रा रडार जो पुराने हवाई मार्ग निगरानी रडार की जगह लेंगे, समुद्री गैस टर्बाइन के डिजाइन के विकास को हरी झंडी।
- वायुसेना के लिए–लड़ाकू, परिवहन विमानों व हेलिकॉप्टरों की क्षमता बढ़ाने वाले प्रस्ताव मंजूर, भूमि आधारित बहुद्देशीय जैमर खरीद, रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान आधारित स्मार्ट कार्ड को मंजूरी।

■ **केन्द्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में लखनऊ पहले स्थान पर रहा–**
7 सितम्बर, 2026 को केन्द्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में लखनऊ पहले स्थान पर रहा। वहीं मध्यप्रदेश का इंदौर दूसरे और जबलपुर शहर तीसरे स्थान पर रहा। लखनऊ ने कचरा ढ़ोने में इलेक्ट्रिक वाहनों, सड़कों की मशीनी सफाई और पुराने कचरे के बेहतर प्रबंधक से बढ़त बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।
कुल 130 शहरों की इस रैंकिंग में दिल्ली 30वें और मुंबई 37वें स्थान पर रहे। वहीं, चैन्नई, जमशेदपुर, कोटा, कोलकाता और मदुरै 10 लाख से ज्यादा आबादी वाली श्रेणी के आखिरी 5 शहरों में रहे।

Newspaper of 9 September, 2026

■ **लद्दाख के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना को जम्मू-कश्मीर के एलजी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। राष्ट्रपति भवन के अनुसार वीके सक्सेना जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा की अनुपस्थिति या अवकाश के दौरान कार्यभार देखेंगे। वर्तमान में जम्मू कश्मीर के एलजी अमेरिका के दौरे पर हैं।**

Newspaper of 10 September, 2026

■ **वेतन के मामले में दुनिया के शीर्ष नेताओं में सबसे आगे हैं सिंगापुर के प्रधानमंत्री–**
सिंगापुर की सरकार के मुखिया और देश के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग का वेतन 64% बढ़ने जा रहा है। उन्हें 2.2 मिलयन से बढ़ाकर 3.6 मिलियन सिंगापुर डॉलर (27 करोड़ रुपए) सालाना वेतन मिलेगा। किसी राष्ट्र प्रमुख को मिलने वाला यह दुनिया में सबसे ज्यादा वेतन है। लॉरेंस वोंग का नाम दुनिया के सबसे ज्यादा वेतन लेने वाले राजनेताओं की लिस्ट में शीर्ष

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

पर कायम है। अन्य देशों के राजनेताओं से तुलना करें तो वोंग का वेतन अमरीकी राष्ट्रपति से लगभग 8 गुना और भारत के प्रधानमंत्री से लगभग 135 गुना है।

दुनिया के प्रमुख नेताओं की सालाना सैलरी (अनुमानित)

रैंक	नेता	देश	सालाना वेतन (स्थानीय करेंसी)	रुपए में
1	लॉरेंस वोंग	सिंगापुर	36 लाख	27 करोड़
2	संघीय राष्ट्रपति	स्विट्जरलैंड	6.06 लाख	5 करोड़
3	फ्रेडरिक मर्ज	जर्मनी	4.4 लाख	4.6 करोड़
4	डॉनल्ड ट्रंप	अमरीका	4 लाख	3.3 करोड़
5	एंडी बर्नहैम	ब्रिटेन	1.67 लाख	2 करोड़
6	नरेंद्र मोदी	भारत	20 लाख	20 लाख

■ **देश की कार्बन क्रेडिट स्कीम मंजूर; भारतीय उत्पादों पर नहीं लगेगा ब्रिटेन में दोहरा कार्बन टैक्स–**

ब्रिटेन ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (सीसीटीएस) को अपने कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म के तहत मान्यता दे दी है, जिससे स्टील, सीमेंट, एल्युमीनियम और फर्टिलाइजर जैसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन वाले सामान बनाने वाले भारतीय निर्यातकों पर यूके में कार्बन टैक्स (सीबैम) का बोझ कम हो जाएगा। ब्रिटेन में वर्ष 2027 से लागू होने वाले नियमों के तहत, यदि भारतीय एक्सपोर्टर्स ने अपने देश के सीसीटीएस सिस्टम के तहत कार्बन लागत चुकाई है, तो उन्हें यूके में दोबारा पूरा कार्बन टैक्स नहीं देना पड़ेगा और वे राहत का दावा कर सकेंगे। हालांकि, इस छूट का लाभ उठाने के लिए भारतीय निर्यातकों को यूके के नियमों के अनुसार जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। इससे भारतीय उत्पाद ब्रिटेन में अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। हाल ही में भारत और यूके के बीच हुए एफटीए से वहाँ भारतीय प्रोसेस्ड फूड, सीफूड, इंजीनियरिंग व ऑटो कंपोनेंट्स, लेदर व फुटवियर, टेक्सटाइल और केमिकल्स व फार्मा पर लगने वाले आयात शुल्क पर बड़ी राहत मिली है।

■ **भारतीय डाक नया सिस्टम लाया; अब 10 अंकों के डिजिपिन से होगी हर जगह की सटीक पहचान–**

भारतीय डाक ने अब सटीक डिजिटल पहचान के लिए डिजिपिन (डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर) एड्रेसिंग प्रणाली शुरू की है। इसमें 10 अक्षरों और अंकों का कोड मिलेगा। इससे किसी जगह की पहचान पिन कोड से ज्यादा सटीक तरीके से की जा सकेगी। खास बात यह है कि डिजिपिन मौजूदा पिन कोड की जगह नहीं लेगा। इसे पुराने पते ओर पिन कोड के साथ इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह ऑफलाइन भी काम कर सकता है। इसे करीब 4 मीटर की सटीकता के साथ स्थान निर्धारित करने में सक्षम बताया गया है। डिजिपिन से मकान नंबर, गली नंबर या आस-पास के स्थलों के जरिये पते बताने की आवश्यकता कम हो सकती है।

ये फायदे–आपातकालीन सेवाएँ सटीकता से पहुँच सकेंगी। ई-कॉमर्स डिलीवरी तेज और सटीक होगी।

डिजिपिन से ऐसे ढूंढ़ सकते हैं सही लोकेशन–यदि आपके पास किसी जगह का डिजिपिन है तो उसकी लोकेशन जानने के लिए इंडिया पोस्ट डिजिपिन पोर्टल पर जाएं। 'सर्च लोकेशन' विकल्प पर क्लिक करें। संबंधित व्यक्ति या स्थान का डिजिपिन दर्ज करें। स्थान की सटीक जानकारी स्क्रीन पर दिखाई देगी। 'ओपन इन गूगल मैप' पर क्लिक पर फॉलो करें।

■ **8 सितंबर, 2026 को केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में रेलवे के 8 मल्टीट्रेकिंग प्रोजेक्ट मंजूर किए गए। इन पर कुल ₹20,804 करोड़ खर्च होंगे। यह प्रोजेक्ट 9 राज्यों के करीब 1196 किमी. व्यस्त रेल रूट पर हैं कहीं तीसरी-चौथी लाइन बिछेगी, कहीं दोहरीकरण होगा। इससे ज्यादा ट्रेनें चलाई जा सकेंगी और कोयला, स्टील, सीमेंट, लौह अयस्क की ढुलाई तेज होगी, यात्री ट्रेनें भी अधिक चलाई जा सकेंगी।**

Newspaper of 11 September, 2026

■ **दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे की दोनों टनल शुरू हुईं–**

10 सितंबर, 2026 से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के 60 मीटर नीचे बनी करीब 4.9 किमी. लंबी ट्विन-ट्यूब/टनल चालू होने से दिल्ली, कोटा, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र की ओर जाने वाले वाहन चालकों को अब एक्सप्रेस-वे से नीचे उतरने की जरूरत नहीं होगी। गौरतलब है कि इंदौर-उज्जैन और कोटा के बीच लने वाले वाहनों को पहले 36 किमी. का सफर करना पड़ता था, जो अब मात्र 16 किमी. रह गया। वहीं जो सफर एक घंटे में पूरा होता था, वह टनल से मात्र 5 मिनट में पूरा हो जाएगा।

Newspaper of 12 September, 2026

■ **अब फास्टैग भी पोर्ट हो सकेगा, 'वन टैग' सुविधा शुरू हुई–**

11 सितम्बर, 2026 को केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय ने नई योजना 'वन टैग' को लॉन्च किया। इसके तहत अब फास्टैग यूजर्स को अपना बैंक बदलने के लिए गाड़ी की विंड शिल्ड पर लगा स्टिकर हटाने की जरूरत नहीं होगी। फास्टैग को मोबाइल सिम की तरह एक बैंक से दूसरे बैंक में पोर्ट कराया जा सकेगा। इससे बैंक बदलने के दौरान दोबारा फास्टेग जारी करने से राहत मिलेगी। अभी तक फास्टैग यूजर्स को बैंक

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

बदलने के लिए पुराने फास्टैग अकाउंट को बंद करना पड़ता था। इसके बाद नए फास्टैग के लिए नए बैंक के साथ दुबारा ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया पूरी करनी होती थी। इसके बाद वाहन के लिए नया फास्टैग जारी किया जाता था।

Newspaper of 14 September, 2026

■ **बंगाल में नई मिसाइल और परीक्षण रेंज को मंजूरी मिली–**

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के जुनपुट में डीआरडीओ की नई मिसाइल और रडार परीक्षण रेंज को मंजूरी मिली है। परियोजना के लिए अप्रैल 2024 में प्रस्ताव दिया गया था।

■ **एक दिन में (13 सितंबर, 2026) भारत ने तीन एशिया कप जीते–**

महिला एशिया कप टी20
जूनियर महिला एशिया कप
जूनियर पुरुष एशिया कप

महिला एशिया कप टी-20-13 सितम्बर, 2026 को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 72 रनों से हराकर रिकॉर्ड 8वीं बार एशिया कप का खिताब जीता है। जूनियर महिला एशिया कप-13 सितंबर, 2026 को भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार जूनियर महिला एशिया कप का खिताब जीत लिया। **जूनियर पुरुष एशिया कप–**13 सितंबर, 2026 को भारतीय पुरुषों ने कोरिया को 4-1 से हराकर जूनियर एशिया कप हॉकी का खिताब जीता। भारतीय टीम ने रिकॉर्ड छठी बार कप पर कब्जा किया। इससे पहले भारतीय टीम वर्ष 2004, 2008, 2015, 2023 और 2024 में भी चैंपियन बन चुकी है।

■ **कजाकिस्तान की एजिना रायबकिना साल के आखिरी टेनिस ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन में चैंपियन बनीं–**

पहली बार यूएस ओपन टाइटल जीता–
पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 भी बनीं–

सितंबर, 2026 में साल के आखरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में कजाकिस्तान की एलिना रायबकिना (27) चैम्पियन बनी हैं। रायबकिना ने टॉप सीड सबालेंका पर 6-4, 5-7, 6-2 से जीत दर्ज की। यह उनका पहला यूएस ओपन खिताब है और वे पहली बार नंबर-1 खिलाड़ी भी बन गई है। यह रायबकिना के करियर का तीसरा ग्रैंड स्लेम खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2022 में विम्बलडन और इसी साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

Newspaper of 15 September, 2026

■ **आर्चरी वर्ल्ड कप फाइनल में रिकर्व का गोल्ड जीतने वाले धीरज बोम्मदेवरा पहले भारतीय बने–**

हाल ही में भारत के धीरज बोम्मदेवरा (25) ने आर्चरी वर्ल्डकप फाइनल में पुरुष रिकर्व का गोल्ड जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में जापान के जून्या नाकानिशी को शूट-ऑफ में हराया। इसके साथ ही वे वर्ल्ड कप फाइनल में पुरुष रिकर्व का गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए हैं। भारत के किसी पुरुष रिकर्व तीरंदाज ने 16 साल बाद इस प्रतियोगिता में मेडल जीता है। इससे पहले वर्ष 2010 में जयंत तालुकदार ने एडिनबर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

■ **जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने यूएस ओपन का खिताब जीता–**

हाल ही में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका के बेन शॉल्टन को 6-3, 7-6, 5-7 से हराकर अपने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लेम खिताब जीता। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन भी जीता। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन भी जीता था। वे ओपन एरा में बोरिस बेकर के बाद यूएस ओपन जीतने वाले दूसरे जर्मन पुरुष खिलाड़ी बने।

Newspaper of 16 September, 2026

■ **अफ्रीका में पहली बार होगी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता/स्पर्धा–**

केन्या की राजधानी नेरौबी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2029 संस्करण की मेजबानी करेगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट अफ्रीका में आयोजित होने जा रहा है। इसके बाद वर्ष 2031 की चैंपियनशिप जर्मनी के म्यूनिख शहर में होगी।

■ **अब यूपीआई के 2 हजार से अधिक के भुगतान पर 0.4% फीस लगेगी; नई व्यवस्था 15 अक्टूबर, 2026 से लागू होगी, व्यापारी ही दायरे में आएँगे, आम ग्राहकों पर बोझ नहीं आएगा–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने यूपीआइ पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने का ऐलान कर दिया है। यूपीआइ संचालन समिति की 15 सितंबर को हुई बैठक में 2000 रुपए से अधिक के भुगतान पर 0.4 फीसदी शुल्क लगाने का ऐलान किया है। इस शुल्क की अधिकतम सीमा 300 रुपए होगी। नए नियम 15 अक्टूबर से लागू होंगे। खास बात यह है कि आम लोगों के लिए यूपीआइ फ्री रहेगा और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति यानी पीयूपी (पर्सन टू पर्सन) ट्रांजैक्शन पर किसी भी राशि के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा।

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआइ) की ओर से जारी नए नियमों के तहत रेलवे, टेलीकॉम, इंश्योरेंस, फ्यूल और कृषि इनपुट जैसी श्रेणियों में 2000 रुपए से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर फ्लैट 5 रुपए एमडीआर लगेगा। ये सेक्टर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

मर्चेंट ट्रांजैक्शन के करीब 17% वॉल्यूम और करीब 46% वैल्यू का हिस्सा हैं। वही म्यूचुअल फंड, सिक्योरिटीज, स्टॉक ब्रोकर और डीलर को किए जाने वाले पेमेंट पर 0.02% एमडीआर लगेगा, जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपए होगी।

4 प्रतिशत ट्रांजैक्शन ही ₹2000 से अधिक के–

श्रेणी	संख्या	हिस्सेदारी
♦ कुल लेनदेन	2450.9	100%
♦ मर्चेंट ट्रांजैक्शन	1551	63.3%
♦ ₹2000 से ऊपर	60	4%

(यूपीआइ लेन-देन की संख्या करोड़ में, अगस्त 2026 तक के आंकड़े।)

कितनी राशि पर कितना शुल्क देना होगा–

व्यापारी को UPI पेमेंट	MDR	शुल्क
♦ 2000 से कम	–	₹0
♦ 3000	0.40%	₹12
♦ 5000	0.40%	₹20
♦ 50000	0.40%	₹200
♦ 75000 से ऊपर	फिक्स ₹300	₹300

■ **हाल ही में असम की आयरन लेडी के नाम से मशहूर संजुक्ता पाराशर को सीआरपीएफ की कोबरा यूनिट के इंस्पेक्टर जनरल (IG) नियुक्त किया गया है, उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है। 2006 बैच की आइपीएस अधिकारी संजुक्ता कोबरा फोर्स की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी है। वे एनआईए की कमान भी संभाल चुकी हैं। गौरतलब है कि कमांडो यूनिट 'कोबरा' साल 2008-09 में नक्सलवाद, उग्रवाद से निपटने के लिए गठित हुई थी।**

■ **प्रोजेक्ट चीता के चार वर्ष पूरे, अब इसके तहत गुजरात भी पहुँचेगा चीतों का कुनबा–**

भारत में 'प्रोजेक्ट चीता' के चार साल 17 सितंबर को पूरे हो रहे हैं। इसी के साथ यह पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा। लगभग 70 वर्ष पहले देश से विलुप्त हो चुके चीतों को बसाने की इस महत्त्वाकांक्षी पहल को चार वर्ष में चार देश भारत, नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना की पार्टनरशिप से सकारात्मक दिशा मिली है। वर्तमान में देश में 52 चीते हैं। इनमें से कूनो नेशनल पार्क में 49 और तीन चीते गांधीसागर अभयारण्य में हैं। कूनो में 18 चीते स्वतंत्र विचरण कर रहे हैं। शेष बाड़े में हैं। अब मध्यप्रदेश के नौरादेही टाइगर रिजर्व, गुजरात में कच्छ स्थित बन्नी घास मैदान को चीतों के नए ठिकानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। नौरादेही में चार बड़े बाड़ों का निर्माण अंतिम चरण में है। साल के अंत तक चार चीते शिफ्ट किए जा सकते हैं। बन्नी क्षेत्र में 600 हेक्टेयर में बाड़े तैयार हो रहे हैं। 2027 के शुरुआती महीनों में लगभग छह चीते भेजने की योजना है। अधिकारियों के अनुसार देश में ऐसे 10 स्थानों की पहचान की गई है, जहाँ चरणबद्ध तरीके से चीतों को बसाया जाना है।

चीतों की स्थिति–

- नामीबिया से 8 चीते 17 सितंबर, 2022 को लाए गए थे। 3 जीवित बचे हैं।
- दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते 18 फरवरी, 2023 को लाए गए थे। 8 जीवित बचे हैं।
- बोत्सवाना से 9 चीते 20 फरवरी, 2026 को लाए गए थे। सभी 9 चीते जीवित हैं।
- भारत के कूनो नेशनल पार्क में जन्में 44 शावकों में से 32 जीवित हैं। भारत में जन्म चीतों में 1 मादा चीता मुखी 38 माह की, 12 शावक 1 से 2 वर्ष के तथा 19 शावक 1 वर्ष से कम उम्र के हैं।

Newspaper of 17 September, 2026

■ **केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) का पुनर्गठन किया–**

16 सितंबर, 2026 को केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) का पुनर्गठन किया है। इसमें अभिनेत्री प्रीति जिंटा, अभिनेता पंकज त्रिपाठी एवं ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज समेत 18 सदस्यों को शामिल किया है। सूचना व प्रसारण मंत्रालय के मुताबिक सीबीएफसी अध्यक्ष राशि शेखर वेम्पति की अध्यक्षता वाले नए बोर्ड का गठन तत्काल प्रभाव से तीन साल के लिए या अगले आदेश तक किया गया। बोर्ड में शामिल अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने 2024 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। बोर्ड में अभिनेत्री पल्लवी जोशी को भी जगह दी गई है। वे विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित फिल्म द कश्मीर फाइल्स के निर्माताओं और कलाकारों में शामिल थीं। पिछली बार बोर्ड का पुनर्गठन अगस्त, 2017 में तीन साल के लिए किया गया था। नए बोर्ड का गठन नहीं होने के कारण बोर्ड के सदस्य 2020 के बाद भी पद पर बने रहे।

■ **केन्द्रीय कैबिनेट ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी; पीएफ कटौती के लिए अधिकतम वेतन सीमा ₹15000 से बढ़ाकर ₹25000 की–**

16 सितम्बर, 2026 को केन्द्रीय कैबिनेट ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा बढ़ाने को मंजूरी प्रदान की। इसके तहत कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) और कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस)

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

के तहत अनिवार्य योगदान के लिए वेज सीलिंग लिमिट के ₹15000 प्रतिमाह से बढ़ाकर ₹25000 प्रतिमाह कर दिया है। नए नियम 17 सितम्बर, 2026 से लागू किए गए।

- **कन्नड़ अभिनेता अनंत नाग को वर्ष 2024 के लिए दादा साहेब फाल्के सम्मान–**

  हाल ही में की गई घोषणा के तहत कन्नड़ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अनंत नाग (78) को वर्ष 2024 के लिए भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह देश का सर्वोच्च फिल्म सम्मान है।
  वर्ष 2025 में पद्मभूषण से सम्मानित अनंत नाग का असली नाम अनंत नागरकट्टे है।
  गौरतलब है कि 300 फिल्मों में काम कर चुके अनंत नाग को लोकप्रियता दूरदर्शन के सीरियल 'मालगुड़ी डेज' से मिली थी।

- **हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने जेल और परिवहन विभाग की भर्त्तियों में पूर्व अग्निवीरों को** 20% क्षैतिज आरक्षण देने का फैसला किया है। चार वर्ष की सेवा कर चुके पूर्व अग्निवीरों को आयुसीमा में तीन वर्ष की छूट भी मिलेगी।

Newspaper of 19 September, 2026

- **फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआइ) ने मराठी फिल्म 'गोधल' को 99वें ऑस्कर 2027 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना है। इस थ्रिलर फिल्म को बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भेजा जाएगा। इस बार ऑस्कर की रेस में भारत की तरफ से धुरंधर, बॉर्डर-2, हनुमान अंश समेत 33 फिल्में शामिल हुई थीं।**
- **हाल ही में ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ONGC) को ओडिशा के कोणार्क तट से 43 किमी. दूर महानदी बेसिन के गहरे समुद्र में प्राकृतिक गैस का बड़ा भंडार मिला है। सरकार के महत्त्वाकांक्षी मिशन 'समुद्र मंथन' के तहत 1623 मीटर खोदे गए गहरे कुएँ एमडीडब्ल्यू-28 में 1441 से 1452 मीटर की गहराई पर गैस मिली।**
- **भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता (FTA) 20 अक्टूबर, 2026 से लागू होगा। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार इससे व्यापार व निवेश बढ़ेगा। दोनों देशों ने 27 अप्रैल, 2026 को समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत भारत के 100% निर्यात को न्यूजीलैंड में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। न्यूजीलैंड 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डॉलर निवेश करेगा। दोनों देशों के बीच पिछले वर्ष द्विपक्षीय व्यापार 1.16 अरब डॉलर रहा।**
- **नगालैंड पर बनी भारतीय फिल्म 'अंग' ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के प्लेटफॉर्म सेक्शन का शीर्ष पुरस्कार जीता है। जीत के साथ ही यह फिल्म 2027 के ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म की श्रेणी के लिए सीधे पात्र हो गई है। फिल्म की कहानी 1960 के दशक के नगालैंड की है।**

Newspaper of 20 September, 2026

- **वर्ष 2028 में होने वाले एशियन सीनियर वुशु चैंपियनशिप की मेजबानी भारत को मिली–**

  19 सितंबर, 2026 को वुशु फैडरेशन ऑफ एशिया की बैठक में की गई घोषणा के तहत वर्ष 2028 को होने वाले एशियन सीनियर वुशु चैंपियनशिप की मेजबानी भारत को दी गई है। भारत में होने वाली इस चैंपियनशिप में 42 देशों के करीब 500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे।

- **जापान में 20वें एशियाई गेम्स शुरू हुए–**

  19 सितंबर, 2026 को जापान के नागोया शहर में 20वें एशियाई गेम्स का भव्य शुभारंभ हुआ। ये गेम्स 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। इसमें 45 देशों के 11 हजार से ज्यादा एथलीट 43 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। भारत के 496 खिलाड़ी (265 पुरुष व 231 महिला एथलीट) 36 खेलों में भाग लेंगे। पिछली बार भारत ने 28 गोल्ड समेत रिकॉर्ड 106 पदक जीते थे। तब इन खेलों में पहली बार भारत ने 100 का आंकड़ा पार किया था। भारत से एशियन गेम्स 2026 के ध्वजवाहक पवन सहरावत और मनु भाकर रहे।
  गौरतलब है कि 1951 में आयोजित पहले एशियन गेम्स दिल्ली में आयोजित हुए थे। इसमें 11 देशों ने भाग लिया, जिसमें जापान चैंपियन बना और भारत दूसरे स्थान पर रहा था।

Newspaper of 21 September, 2026

- **नौसेना को नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल वेसल मिलेंगे, ब्रह्मोस, स्टेल्थ तकनीक से लैस होंगे; समुद्री ताकत बढ़ेगी–**

  भारतीय नौसेना में पुरोन वीर-क्लास मिसाइल पोतों की जगह अब नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल वैसल (एनजीएमवी) शामिल किये जा रहे हैं। कोचीन शिपयार्ड (कोच्चि) में इनका निर्माण हो रहा है। ये ब्रह्मोस मिसाइलों समेत कई अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और स्टेल्थ तकनीक से लैस किए जा रहे हैं। पोत हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की समुद्री युद्धक क्षमता को बढ़ाऐंगे। कुल छह एनजीएमवी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में बनाए जाऐंगे। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने ₹9805 करोड़ का अनुबंध किया है।
  एनजीएमवी का विस्थापन करीब 1400 टन, लम्बाई करीब 89 मीटर होगी और इसमें करीब 80 नौसैनिक तैनात किए जा सकेंगे इस पोत की गति 38 नॉट से अधिक होगी।

- **हाल ही में केन्द्र सरकार ने ₹23,731 करोड़ की 'गोबर-धन' योजना लागू कर दी है। इसमें कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) बनाने वालों को बिक्री योग्य गैस का 100%**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

तक निश्चित रूप से खरीदने की गारंटी, कम से कम 10 साल तक तय कीमत और कैपिटल सपोर्ट दिया जाएगा। इसमें मवेशियों के गोबर, खेती से बचे कचरे, खाने की बर्बादी और दूसरे ऑर्गेनिक कचरे से बायोगैस व ऑर्गेनिक खाद बनाई जाती है। सीबीजी को नैचुरल गैस में मिलाकर ग्राहकों तक पहुँचाया जाएगा। कंपनियों को सीएनजी-पीएनजी की कुल आपूर्ति में निर्धारित अनुपात में सीबीजी मिलाना होगा।

Newspaper of 23 September, 2026

■ **गुजरात में पहली बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ; राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने पुरस्कार वितरित किए–**

22 सितंबर, 2026 को 72वाँ नेशनल फिल्म अवार्ड्स समारोह का आयोजन गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में हुआ। पहली बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह दिल्ली से बाहर आयोजित किया गया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वर्ष 2024 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इन विजेताओं की घोषणा 18 जुलाई, 2026 को की गई थी।

समारोह में अभिनेता अनंत नाग को दादा साहेब फालके पुरस्कार प्रदान किया गया। अभिनेता कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। इस श्रेणी में उन्होंने अभिनेता ममूटी के साथ पुरस्कार साझा किया। यामी गौतम को 'आर्टिकल 307' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। आदित्य धर की 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला।

राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

अन्य पुरस्कारों में धनुष को सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म (रायन) और संजय मिश्रा को सहायक की भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (भक्षक) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

■ **एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलवाया–**

22 सितंबर, 2026 को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में इतिहास रचते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलवाया। एशियन गेम्स के इस संस्करण में भारत का यह पहला गोल्ड है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराया, जो उसकी टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत है।

■ **21 सितंबर, 2026 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने टेलीकॉम कंपनियों के लिए नये नियम जारी किए हैं। कंपनियों को ये आदेश दिया गया है कि वे ऐसे रिचार्ज प्लान भी लाएं, जिसमें सिर्फ बात करने और मैसेज भेजने की सुविधा हो, डेटा नहीं हो। हालांकि ये नियम तुरंत लागू नहीं होंगे, ये आधिकारिक गजट में प्रकाशित होने के 30 दिन बाद लागू होंगे।**

इसके तहत कंपनियों को जिस अवधि का वॉयस + एमएमएस + डेटा पैक देना है, उसकी अवधि का सिर्फ वॉयस + एसएमएम प्लान भी देना होगा। यानि 28 दिन का डेटा पैक है तो 28 दिन का डेटा रहित विकल्प भी उपलब्ध कराना होगा।

केन्द्र सरकार ने मोबाईल के स्क्रीन गार्ड को क्वालिटी कंट्रोल में ले लिया है। इसके तहत पहली बार स्क्रीन गार्ड का बीआइएस मानक तय किया गया है। स्क्रीन गार्ड बनाने और बेचने वाली कंपनियों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बिना मानकीकरण वाला स्क्रीन गार्ड अप्रैल 2027 से नहीं बेचा जा सकेगा।

■ **ऑक्सफोर्ड ग्लोबल सीटीज इंडेक्स जारी; दुनिया के 57 उभरते शहरों में भारत के 46 शहर; राजस्थान से जयपुर-उदयपुर शामिल–**

हाल ही में जारी 'ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स ग्लोबल सीटीज इंडेक्स 2026' रिपोर्ट में दुनिया के उभरते 57 शहरों को 'इमर्जिंग स्टेंडआउट्स' (उभरते सितारे) की श्रेणी में रखा गया है।

Newspaper of 24 September, 2026

■ **वैश्विक एजेंसियों ने भारत की ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 7% किया–**

हाल ही में वैश्विक स्थिरता होने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। एशियन डवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर (ग्रोथ) का अनुमान बढ़ाकर 7% कर दिया है। पहले इनका अनुमान 6 से 6.6% था। एडीबी के मुताबिक, मानसूनी बारिश लंबे समय से औसत से 15% कम रही है इससे अगस्त, 2026 में रिटेल महँगाई 4.8% हो गई। एडीबी ने इस साल औसत महँगाई दर 5.2% रहने का अनुमान लगाया है। महँगाई बढ़ने का कारण कमजोर मानसून है।

वर्ष 2026 में भारत के लिए पाँच ग्लोबल संस्थाओं का अनुमान–

संस्था	वर्तमान अनुमान	पहले का अनुमान
एडीबी (ADB)	7.0%	6.6%
एसएंडपी ग्लोबल	7.0%	6.6%
मूडीज रेटिंग्स	7.0%	6.0%
फिच रेटिंग्स	6.9%	6.4%
ओईसीडी	7.1%	6.3%

■ **एशियन गेम्स 2026 में भारत की मीराबाई चानू ने वेटलिफ्टिंग में रजत पदक जीता–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

भारतीय स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने एशियन गेम्स में इतिहास रचते हुए सिल्वर मेडल जीता है। मीराबाई चानू ने 49 किग्रा वर्ग के स्नैच राउंड में 111 किग्रा वजन (कुल 198 किग्रा) उठाया। नॉर्थ कोरिया की सोंग गम ने 215 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। मीराबाई चानू का एशियाड में यह पहला मेडल है।

1998 में बैंकॉक में कर्णम मल्लेश्वरी के सिल्वर मेडल जीतने के बाद यह दूसरा मौका है, जब वेटलिफ्टिंग में भारत को सिल्वर मेडल मिला है। गौरतलब है कि मीराबाई चानू सभी प्रमुख इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग इवेंट में मेडल जीतने वाली कर्णम मल्लेश्वरी के बाद दूसरी भारतीय है।

Newspaper of 25 September, 2026

- **वर्ष 2032 में वर्ल्ड साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी पुणे को मिली–**

हाल ही में वर्ष 2032 में आयोजित होने वाली वर्ल्ड साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी पुणे को मिली है। यह पहला मौका होगा जब भारत में साइक्लिंग का इतना बड़ा वैश्विक टूर्नामेंट आयोजित होगा। कनाडा में हुई यूजीआई (इंटरनेशनल साइक्लिंग यूनियन) कांग्रेस ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की गई। मेजबानी की अंतिम रेस में पुणे ने नीदरलैंड को पछाड़कर मेजबानी हासिल की है।

- **एलएसी के 10 गांवों तक पहली बार सड़क, सीमा तक पहुँच होगी आसान–**

चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के करीब बसे उत्तराखंड के सीमांत गांवों में भारत तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत कर रहा है। पिथौरागढ़ की सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण दारमा घाटी के 10 दुर्गम गांवों को पक्के सड़क-पुल नेटवर्क से जोड़ने का काम अंतिम चरण में पहुँच गया है। इससे सीमांत आबादी की आवाजाही आसान होने के साथ पलायन रोकने, पर्यटन बढ़ाने और सीमा क्षेत्र में निगरानी तंत्र मजबूत करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। विश्व बैंक की मदद से गोल्फा, सेला, बौन, फिलम, कनार, सीपू, गो, चल, तिदांग और मारछा जैसे ट्रांस-हिमालयी गांवों में सड़क और पुल बनाए जा रहे हैं।

सीमांत इलाकों में इन्फ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। ज्यादातर पुलों का काम अंतिम चरण में है। इनके पूरा होने से गाँवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दारमा घाटी के गांवों की आबादी का सीमा सुरक्षा में भी महत्व है। स्थानीय लोग भूगोल, रास्तों और सीमा क्षेत्र से अच्छी तरह परिचित हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से लोगों को गांवों में टिकाए रखने और प्रशासन की पहुँच बढ़ाने में मदद मिलेगी।

दारमा और व्यास घाटियों के लोगों का तिब्बत के साथ सदियों पुराना व्यापारिक रिश्ता रहा है। सीमांत व्यापारी लिपुलेख जैसे दर्रों के रास्ते तिब्बत की मंडियों तक जाते रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद व्यापार बंद रहा। बाद में दोबारा शुरू हुआ, लेकिन कोरोना के कारण 2020 से आवाजाही फिर रुक गई थी। इस साल पिथौरागढ़ के 15 व्यापारियों को ही साल व्यापार परमिट जारी किए गए है।

- **FSSAI ने गैर-दूध सामग्री से बने उत्पादों को 'पनीर' नाम से बेचने पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा है।**

Newspaper of 26 September, 2026

- **मनदीप भंडारी को सीबीएसई का नया चैयरमेन नियुक्त किया गया–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मनदीप भंडारी को सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) का नया चैयरमैन नियुक्त किया है।

Newspaper of 27 September, 2026

- **अमेरिकी कंपनी डेल टेक्नोलॉजी के संस्थापक माइकल डेल, मार्क जकरबर्क और सर्गेई ब्रिन को पीछे छोड़ दुनिया के चौथे सबसे धनी व्यक्ति बन गए हें। फोर्ब्स की रियल-टाइम अरबपति सूची के अनुसार 25 सितंबर, 2026 को माइकल डेल की अनुमानित सम्पत्ति बढ़कर 275.4 अरब डॉलर हो गई।**
- **हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो ने कहा कि फ्रांस ऊर्जा परिवहन के लिए महत्त्वपूर्ण सऊदी अरब के बंदरगाह शहर यानबू की रक्षा में मदद करने के लिए सैनिक और रक्षा प्रणालियाँ भेजेगा, इसका उद्देश्य किसी संघर्ष में शामिल होना नहीं, बल्कि इस साइट की सुरक्षा करना है।**

Newspaper of 28 September, 2026

- **भारतीय रेलवे ने एलएनजी और डीजल से चलने वाली ड्युअल-फ्यूल ट्रेन की शुरुआत की–**

27 सितंबर, 2026 को भारतीय रेलवे ने गुजरात के साबरमती से देश की पहली एलएनजी और डीजल से चलने वाली ड्युअल-फ्यूल ट्रेन की शुरुआत की। इसे साबरमती-पाटन रूट पर संचालित किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले भारतीय रेलवे ने जींद-सोनीपत रूट पर देश की पहली 'हाइड्रोजन ट्रेन' की शुरुआत की थी। एलएनजी और डीजल ड्यूअल-फ्यूल से

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

चलने के कारण इस ट्रेन में ईंधन लागत में कमी के साथ-साथ प्रदूषक उत्सर्जनों को कम करने में सहायता मिलेगी।
गौरतलब है कि एलएनजी से ट्रेन में डीजल की जरूरत 40% घटेगी। 8 कोच की ट्रेन से सालाना 23.9 लाख का ईंधन खर्च बनने का अनुमान है। इसके अलावा 99.6% विद्युतीकरण से भारतीय रेलवे की सालाना डीजल खपत 293 करोड़ लीटर से घटकर 108 करोड़ लीटर हुई है।

Newspaper of 29 September, 2026

■ **जम्मू कश्मीर विधानसभा ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया–**

28 सितंबर, 2026 को जम्मू कश्मीर विधानसभा ने केन्द्र सरकार से केन्द्रशासित प्रदेश का दर्जा तत्काल बहाल करने की मांग वाला प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 25 सितंबर, 2026 को यह प्रस्ताव पेश किया था।

■ **तमिलनाडु राज्य सरकार ने 'थाइमामन थंगा मोथिरम योजना' शुरू की; सरकारी अस्पताल में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात को 1 ग्राम सोने की अंगूठी मिलेगी–**

28 सितंबर, 2026 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एस. जोसेफ विजय ने मदुरै के सरकारी अस्पताल में 'थाइमामन थंगा मोथिरम' योजना की शुरुआत की। इसके तहत सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात को एक ग्राम सोने की अंगूठी दी जाएगी। अंगूठी बच्चे के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के समय अभिभावकों को सौंपी जाएगी। योजना के लिए सरकार ने इस वर्ष 755.83 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इससे प्रतिवर्ष लगभग 4.41 लाख नवजातों को लाभ मिलने का अनुमान हैं।

■ **स्टारशिप ने छुआ अंतरिक्ष में नया मुकाम; पहली बार ऑर्बिट में पहुँचा स्पेसएक्स का रॉकेट–**

28 सितंबर, 2026 को एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के स्टारशिप-सुपर हैवी ने पहली बार पृथ्वी की कक्षा में पहुँचकर बड़ा पड़ाव पार किया। 14वीं टेस्ट फ्लाइट में करीब 124 मीटर ऊँचे इस रॉकेट ने ऑर्बिटल इंसर्शन के बाद 26 स्टारलिंग वी3 सैटेलाइट तैनात किए। इससे पहले स्टारशिप की सभी 13 उड़ाने सब-ऑर्बिटल रही थीं।

■ **कनाडा के अंगद सिंह ढिल्लों यूएई के नए राजदूत बने–**

हाल ही में कनाडा ने चंडीगढ़ में जन्मे अंगद सिंह ढिल्लों को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अपना अगला राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्री अनीता आनंद ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की।
35 वर्षीय अंगद सिंह ढिल्लों राजदूत असाधारण एवं पूर्णाधिकारी होंगे और मौजूदा राजदूत राधाकृष्ण पाण्डेय की जगह लेंगे।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


संजीव®

51 वर्षों से आपका विश्वसनीय


आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

CET 10+2 के लिए विशेष उपयोगी पुस्तकें

New Edition



MRP ₹400
(288 पेजों में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम)



MRP ₹300
(11 Blank OMR Sheet)





MRP ₹500
(नवीन मानचित्रों सहित)





MRP ₹400
(सम्पूर्ण रंगीन मानचित्रावली)


संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अन्य प्रमुख पुस्तकें











संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram